कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गाँधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,


जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 11115 / एम–6 / 183 दिनांक 08-09-026

विषयः– <u>जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 06.09.2026 को ''चिल्ह में जल जीवन मिशन के ट्रान्सफार्मर में चोरीः पुरजागीर के चंदेलडडिया में 25 केवीए ट्रान्सफार्मर से चोरी गांव के जलापूर्ति ठप'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 06.09.2026 को ''चिल्ह में जल जीवन मिशन के ट्रान्सफार्मर में चोरीः पुरजागीर के चंदेलडडिया में 25 केवीए ट्रान्सफार्मर से चोरी गांव के जलापूर्ति ठप'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। चील्ह पेयजल योजना के ट्रान्सफार्मर चोरी होने से चील्ह, मकसूदनपट्टी एवं शेष डडिया ग्रामों की जलापूर्ति बाधित हो गयी है। उक्त के सामधान हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड कछंवा, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मीरजापुर को पत्राचार के माध्यम से सूचित करते हुये नवीन ट्रान्सफार्मर अधिष्ठापन किये जाने हेतु समन्वय स्थापित किया जा रहा है। चोरी हुये ट्रान्सफार्मर के संबंध में पुलिस विभाग में एफ0आई0आर0 दर्ज किये जाने की कार्यवाही पूर्ण कर दी गयी है।



भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता